तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

हरिभूमि

जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 15 फरवरी 2025

11 कुविः दीक्षांत समारोह 18 को, 2959 विद्यार्थियों ...

12 पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार एक के पैर में ...

खबर संक्षेप

रविदास जी ने मानव धर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया

करनाल। गुरु रविदास जागृति मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुनील दास ने कहा कि संत शिरोमणी रविदास जी ने अपनी वाणी में मानव धर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया है। हमें उनसे प्रेरणा लेते हुए जाति पाति का भेदभाव नही करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज ठीक रास्ते पर आगे बढ़े, इसके लिए जरूरी है कि समाज संगठित हो और समाज में भेदभाव पैदा न हो।

वार्षिक खेलकूद स्पर्धा में दिखाया दम

करनाल। पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया और खेल भावना से खेलने की शपथ ली। उद्घाटन समारोह में महर्षि दयानंद राजकीय कन्या महाविद्यालय, दादूपुर रोड़ान की प्राचार्या डॉ. मेजर अनीता जून ने मुख्य अतिथि के शिरकत की।

महिला सुरक्षा समाज में सबकी जिम्मेदारी

करनाल। डीएवी पीजी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला न्यायालय करनाल की न्यायधीश ईराम हसन का कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ बलराम शर्मा ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि ईरान हसन ने स्वयं सेवकों एवं विद्यार्थियों को कहा कि समाज में महिला सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी है।

एसएमएस स्कूल में वीरों की शहादत को नमन

तरावड़ी। एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में श्रीनगर में पुलवामा शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिसर में मौन रखकर शहीदों की शहादत को याद किया गया। विद्यालय में विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा कविता पाठ का गायन भी किया गया। प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने वीरों की शहादत को याद किया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने पारितोषिक वितरण किया

करनाल। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत स्कूली बच्चों की पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने बतौर मुख्य अतिथि पारितोषिक वितरण किया। यह जानकारी परियोजना अधिकारी राजेश हुड्डा, सहायक परियोजना अधिकारी गुलशन गिरधर ने दी।

तरावड़ी के चावल एक्सपोर्टर दुबई पहुंचेंगे

तरावड़ी। इस साल भी दुबई में आयोजित होने वाले गल्फ फूड मेले में फिर से तरावड़ी के चावलों की महक बिखेरगी। इसके लिए तरावड़ी शहर के चावल एक्सपोर्टर्स व चावल व्यापारी दुबई पहुंचेगें। वल्ड ट्रैड सेन्टर दुबई में सोमवार 17 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाले गल्फ फूड मेले में तरावड़ी के अधिकतर चावल व्यापारी स्टॉल लगाऐंगे।

नपा इंद्री में दो उम्मीदवारों ने किया नामांकन दाखिल

इंद्री। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि इंद्री नगरपालिका चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया जारी है। तीसरे दिन नगरपालिका के वार्ड नंबर-5 सामान्य वार्ड से दो उम्मीदवार किरण सिंह पुत्र संत लाल व सुमन रानी पत्नी किरण सिंह ने आजाद उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में तनिषा प्रथम

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री में दो दिवसीय युवा तरंग सांस्कृतिक महोत्सव की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ चंचल रानी ने शिरकत की।

पैंथर ने अपना लेटेस्ट ट्रैक उत्तर प्रदेश रिलीज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

हिपहॉप उद्योग में बेमिसाल हस्ती, अनुभव शुक्ला उर्फ पैंथर ने अपना लेटेस्ट ट्रैक, उत्तर प्रदेश रिलीज़ किया है। यह ट्रैक पहले से ही उद्योग में हलचल मचा रहा है। यह बेहतरीन गाना भारत के हृदय की सांस्कृतिक धड़कन को श्रृद्धांजलि दे रहा है, जिसमें जबरदस्त बीट्स के साथ शुद्ध हिपहॉप की बेजोड़ ऊर्जा है। बोल्ड और ऑथेंटिक आवाज में उत्तर प्रदेश एक अत्यधिक जोशीला गीत है, जिसमें आकर्षक वाईब्स के साथ इस क्षेत्र की शुद्ध भावना को आत्मसात किया गया है। इसकी पहली बीट्स से ही आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। पैंथर ने केवल सोनी म्यूज़कि के साथ साईन करके भारतीय हिपहॉप के परिदृश्य में अपनी ट्रेलब्लेज़र की पहचान को मजबूत किया है। पैंथर अपने धारदार अंदाज और जबरदस्त धाराप्रवाह के साथ भारतीय हिपहॉप के क्षेत्र में अपना दबदबा बनाते हुए एक बार फिर हलचल मचा रहे हैं। उत्तर प्रदेश एक जोशीला ट्रैक है, जिसमें संक्रामक बीट्स के साथ बेमिसाल रैप है, जो उनकी मातृभूमि की ऑथेंटिक वाईब्स पेश करता है। यह गाना उत्तर प्रदेश की भावनाओं के सार को समर्पित है। लखनऊ के रूमी दरवाजा से लेकर वाराणसी के घाट तक दिखाए गए हैं। इस गाने का हर फ्रेम उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और गर्व को सिनेमेटिक श्रृद्धांजलि देता है। तो इस सफर का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो जाईये, जो इतिहास, हिपहॉप और गर्व का बेजोड़ मेल कराता है।

मेयर पद के लिए अब तक केवल एक आजाद उम्मीदवार ने किया नामांकन दाखिल: उपायुक्त

- 17 फरवरी तक होंगे नामांकन, सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक दाखिल कर सकेंगे नामांकन
- 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को आवंटित होंगे चुनाव चिह्न

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि शुक्रवार को मेयर पद के लिए केवल एक आजाद उम्मीदवार मुकेश रघुवंशी ने अपना नामांकन ने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष दाखिल किया तथा निगम पार्षद के लिए किसी भी वार्ड से अब तक कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि करनाल नगर निगम के मेयर पद और सभी 20 वार्डों के पार्षद सदस्यों के चुनाव के लिए एडीसी यश जालुका को रिटर्निंग अधिकारी लगाया गया है। डीसी उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान 2 मार्च को करवाया जाएगा। वहीं मतगणना 12 मार्च को करवाई जाएगी। नगर निगम चुनाव के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोडकर सभी कार्य दिवस पर नामांकन दाखिल करवा सकेंगे। 18 फरवरी को नामांकन की जांच का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम चुनाव के लिए आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा

असंध में नहीं हुआ कोई नामांकन दाखिल

असंध के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राहुल कुमार ने बताया कि शुक्रवार को नगरपालिका असंध में चेयरमैन पद के लिए उप-चुनाव होना है। चुनावी प्रक्रिया के दौरान अब तक कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ है।

इंद्री से 2 आजाद उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

इंद्री के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अशोक मुंजाल ने बताया कि शुक्रवार को नगर पालिका इंद्री के चुनाव के लिए केवल 2 आजाद उम्मीदवारों ने वार्ड न0-5 से नगर पार्षद पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है।

यहां हो रहे है नामांकन

⏭करनाल नगर निगम मेयर निर्वाचन हेतु वार्ड 1 से 20 तक करनाल की उपायुक्त कार्यालय कोर्ट रूम में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम घरौंडा राजेश कुमार नामांकन ले रहे है।

⏭करनाल नगर निगम सदस्य निर्वाचन हेतु वार्ड 1 से वार्ड 5 तक प्रबंध निदेशक, शुगर मिल कार्यालय, मेरठ रोड, करनाल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एमडी शुगर मिल राजीव प्रसाद नामांकन ले रहे है।

⏭करनाल नगर निगम सदस्य निर्वाचन हेतु वार्ड 9 से वार्ड 13 तक जिला परिषद कार्यालय, करनाल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार नामांकन ले रहे है।

⏭करनाल नगर निगम सदस्य निर्वाचन हेतु वार्ड 6, वार्ड 7, वार्ड 8, वार्ड 14, वार्ड 15 तक महाप्रबंधक कार्यालय, हरियाणा रोडवेज, करनाल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं जीएम हरियाणा रोडवेज कुलदीप सिंह नामांकन ले रहे है।

⏭करनाल नगर निगम सदस्य निर्वाचन हेतु वार्ड 16 से वार्ड 20 तक जिला नगर योजनाकार कार्यालय, करनाल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार नामांकन ले रहे है।

पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई

तरावड़ी, घरौंडा और इंद्री में सीएम फ्लाइंग की टीम के छापे से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

तरावड़ी में सीएम फ्लाइंग की टीम ने नगर पालिका कार्यालय में छापा मारा। इससे पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। टीम ने आते ही कर्मचारियों का हाजिरी रजिस्टर कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। सूचना पाकर सीट से गायब कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंच गए।



तरावड़ी। सीएम फ्लाइंग टीम नगरपालिका कार्यालय मे रिकॉर्ड चेक करती हुई।

खंगाला जा रहा रिकॉर्ड

दोपहर 1 बजे सीएम फ्लाइंग टीम ने तरावड़ी नगर पालिका कार्यालय में दस्तक दी और हाजिरी रजिस्टर के साथ शहर के विकास से जुड़ी योजनाओं समेत अन्य रिकॉर्ड कब्जे में लिया। अभी टीम रिकॉर्ड और कार्यालय में आईं शिकायतों की जांच की। शहर में पालिका की ओर से चल रहे डोर टू डोर, सफाई व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, सडक़ें, पार्क और कॉलोनी में विकास कार्यों के रिकॉर्ड भी खंगाला।

कुछ कर्मचारी नहीं मिले

मौके पर कई कर्मचारी अपनी सीट पर नहीं थे। पूछताछ में सामने आया कि उनकी नीलोखेड़ी मे इलेक्शन में ड्यूटी लगी हुई है। टीम इसकी जांच भी करेगी कि किन कर्मचारियों की इलेक्शन में ड्यूटी लगी है। कोई ऐसा कर्मचारी तो नहीं है, जो इलेक्शन के बहाने ड्यूटी पर नहीं आया है।

डंपिंग स्टेशन पर भी जांच करने पहुंची टीम

इस दौरान सीएम फ्लाइंग टीम ने सर्वप्रथम नगर पालिका कार्यालय से जेई से टेंडर को लेकर रिकॉर्ड तलब किया। रिकॉर्ड मिलने के बाद फ्लाइंग के अधिकारी कर्मचारियों की हाजिरी व गाडियों की संख्या चेक करने के लिए पहुंचे। कर्मचारियों की जांच की गई तो मौके कर्मचारी मौके पर मौजूद नही थे लेकिन उनके रहते नगरपालिका मे पहुंच गये। बाद में सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने धर्मकांटे पर पहुंचकर पिछले दो दिन का रिकॉर्ड भी अपने कब्जे में लिया और नडाना रोड़ स्थित डंपिंग सेंटर की मौके पर जाकर जांच की। वहां पर कर रहे कर्मचारियों से डयूटी पर तैनात सेंटर की पूछताछ की। इस बारे में जब सीएम फ्लाइंग अधिकारी जोगिन्द्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की डोर टू डोर ठेकेदार के कार्य का रूटीन निरीक्षण किया गया था। जबकि टेंडर का रिकॉर्ड कब्जे में लेकर पूरे मामले की गहराई से जांच की जाएगी। नगरपालिका मे कार्यरत सफाई कर्मचारियों रजिस्ट्रर मे हाजरी के हिसाब से चैक किया गया। जिसमे पक्के कर्मचारी व पे रोल कर्मचारी के आधार कार्ड के साथ मौके पर चैक किये। टीम ने कहा कि निरीक्षण में पाई गई सभी कमियों की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, जिस पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने कार्यालय के रिकॉर्ड को जांचा

- शहर में उठाई जाने वाले कचरे की पर्चियां का नगर पालिका रजिस्टर से मिलान किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

घरौंडा नगरपालिका कार्यालय में सीएम फ्लाइंग की टीम ने अचानक छापेमारी की। टीम के अधिकारीयों ने कार्यालय के रिकॉर्ड को बारीकी से जांचा। साथ ही नगरपालिका द्वारा शहर में सफाई व्यवस्था के लिए किए गए प्रबंधों ओर ठेकेदार कंपनी कार्यप्रणाली की जांच शुरू की। शुक्रवार को सुबह ठीक 9 बजे सीएम फ्लाइंग की टीम ने घरौंडा नगर पालिका में दस्तक दे दी पीएम फ्लाइंग के अचानक छापेमारी से नगर पालिका मे हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। नगर पालिका में आते ही मुख्यमंत्री उड़न दस्ते के अधिकारियों ने सफाई कर्मियों की उपस्थिति चेक की जिसमे दो कर्मचारी नदारद मिले। इसके बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने शहर से कूड़ा उठान से लेकर डंपिंग यार्ड व शहर से उठने वाले कचरे को तोड़ने हेतु इस्तेमाल किए जाने वाले धर्म कांटे का भी निरीक्षण किया और धर्म कांटे पर लगाए गए तोल रजिस्टर व कंप्यूटर से निकलने वाली स्लिप की भी जांच पड़ताल की। टीम ने नगर पालिका कार्यालय में करीब 3 घंटे तक जांच पड़ताल की वह नगर पालिका संबंधित अनेक दस्तावेज खंगाले। इस दौरान शहर में उठाई जाने वाले कचरे की पर्चियां का नगर पालिका रजिस्टर से मिलान किया गया। आज टीम के निरीक्षण का मुख्य फोकस सफाई अभियान के ठेके को लेकर था जिसके तहत विभिन्न दस्तावेजों की जांच की गई है पूरी रिपोर्ट बनाकर उचित अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

सचिव भी कार्यालय में नहीं मिले

जांच के दौरान नगरपालिका सचिव अजीत कुमार कार्यालय में उपस्थित नहीं थे, जोकि नगरपालिका के चुनावों को लेकर नीलोखेड़ी में व्यस्त थे।

इंद्री। नगर पालिका कार्यालय में औचक निरीक्षण करती सीएम फ्लाइंग की टीम।

नपा इंद्री में सीएम फ्लाइंग की टीम ने रिकार्ड खंगाला

- रिकॉर्ड की जांच के दौरान टीम को मिली कई खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

नगरपालिका कार्यालय इंद्री में शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। सीएम फ्लाइंग की टीम के नगर पालिका कार्यालय मे पहुंचते ही नपा कार्यालय मे हड़कंप मच गया। टीम नगर पालिका कार्यालय मे सुबह करीब 9 बजकर 30 मिनट पर पहुंची और नगरपालिका के रिकॉर्ड की बारीकी से जांच करने के बाद करीब 4 बजकर 45 मिनट पर गई। सीएम फ्लाइंग की टीम की कई घंटे चली इस कार्यवाही के दौरान इंद्री नगर पालिका के रिकॉर्ड मे कई अनियमितताऐं पाई गई। जिनका रिकार्ड सीएम फ्लाइंग की टीम ने कब्जे में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार टीम ने नगरपालिका में चल रहे सफाई कार्यों की गहनता से जांच की। टीम ने टिप्परों में लगे जीपीएस सिस्टम, कचरा उठाने के बाद तुलाई के लिए उपयोग होने वाले धर्म कांटे, डंपिंग यार्ड की स्थिति और कर्मचारियों की हाजिरी की जांच की। जिसमे निरीक्षण के दौरान टीम को पालिका रोल पर लगा एक सफाई कर्मचारी व एक नियमित सफाई कर्मचारी गैर हाजिर मिला, डंपिंग स्थान पर कोई भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा हुआ है और ना ही डंपिंग स्थान पर कोई कर्मचारी मौजूद मिला, और ना ही मौके पर कूडा अलग करने की कोई मशीन लगी हुई थी, कूड़ा कर्कट भी अस्त- व्यस्त पाया गया, फर्म द्वारा नगरपालिका की तीन गाडियों का प्रयोग किया जा रहा है अनुबंध में निर्धारित शर्तो के अनुसार इन गाडियों की कीमत निर्धारित कर कीमत नगर पालिका को दी जानी थी परंतु अभी तक कीमत की राशि नगर पालिका को नहीं दी गई और ना ही गाडियों का किराया निर्धारित किया गया है आदि कई खामियां पाई गई। इस मामले में नपा सचिव साहिल धनखड ने बताया कि नगरपालिका इंद्री के सफाई व्यवस्था में कूड़ा उठान व डंपिंग में कुछ खामियां पाई गई है।

निकाय चुनाव में जीरो पर आउट होगी कांग्रेस

- माहौल भाजपा के पक्ष में, ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बना चुकी जनता : बड़ौली
- इंतजार की घड़िया खत्म, जल्द जारी होगी प्रत्याशियों की सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस दिल्ली की तरह जीरो पर ही आउट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का हरियाणा में कोई वजूद नहीं है। भाजपा कार्यालय कर्ण कमल करनाल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में भाजपा के पक्ष में माहौल है और जनता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा निकाय चुनाव के लिए तैयार है और शीघ्र ही निकाय चुनाव के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी नगर निगमों के मेयर और पार्षदों के चुनाव सिंबल पर लड़ेगी। नगरपरिषद के वार्ड और चेयरमैन के चुनाव भी सिंबल पर लड़ा जाएगा। श्री बड़ौली ने कहा कि कुछ नगरपालिकाओं के चुनाव सिंबल पर लड़ा जाए या नहीं इसकी जिम्मेदारी हमने लोकल लीडरशिप को ही दी है, हालांकि कुछ नगरपालिकाओं के चेयरमैन के चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ेगी।

खाली पड़े प्लॉटों को एक सप्ताह में कवर करें

करनाल। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिन भी लोगों के शहर में खाली प्लॉट पड़े हैं, वह एक सप्ताह के अंदर-अंदर उनकी चारदीवारी इत्यादि करवाकर उन्हें कवर करवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी व्यक्ति उनमें कूड़ा-कर्कट डालकर वहां गंदगी न फैला सके। उन्होंने कहा कि ऐसा करके ही खाली प्लॉटों को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शहर का दौरा करते समय प्रायः देखने में आया है कि कई जगहों पर खाली पड़े प्लॉटों में कूड़ा-कर्कट पड़ा रहता है। इसके अतिरिक्त कई प्लॉटों में पानी भी भरा रहता है, जिस कारण बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। इसके चलते नागरिक भी परेशान रहते हैं।

साइबर अपराध विषय पर दो सप्ताह का पुलिस प्रशिक्षण हुआ सफलतापूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में अनुसंधान अधिकारियों के लिए 'साइबर अपराध के मामलों के अनुसंधान' विषय पर दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला के निर्देश पर अकादमी के जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए राजपत्रित व अराजपत्रित पद के 20 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली और प्रतिभागियों के साथ समूह चित्र भी कराया। जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हमारे जीवन में तकनीक का विशेष महत्व हैं, जहां तकनीक के कारण हमारा जीवन अरामदायक बना है साथ ही इसके कारण कुछ समस्याएं भी आई हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए हमें अपडेट रहना जरूरी है। क्योंकि साइबर अपराध दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं।

करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते।

म्हारे देश में रोज मनता है वेलेंटाइन डे

- प्यार अहसास का नाम है प्रदर्शन का नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

हमारे भारतीय समाज में प्यार समर्पण और अहसास का नाम है ना कि प्रदर्शन का भारत में प्यार की कसमें ता उम्र खाई जाती हैं। यहां हीर रांझे और शीरी फरहाद के प्यार का उदाहरण दिया जाता है। युवाओं ने आज हर स्थान पर वेलेंटाइन डे का नाम दिया। वैलेंनटाईन डे का नाम सुनते ही युवाओं के दिलों की धडक़न बढन्ना लाजिमी है। लेकिन भारतीय समाज ने बसंतोत्सव में प्रणय उत्सव का नाम दिया। कहा

जाता है कि समाज में कामदेवता की पूजा की जाती हैं। यह वर्ष भी प्यार का वर्ष है। शुक्र के स्वामी होने की बजह से इस साल प्रणयोत्सव का महत्व भी बढ़ जाता हैं। संत वेलेंटाइन की शहादत पर यह उत्सव मनाया जाता हैं। समाज के शिक्षाविदों तथा संस्कृत कर्मियों से बातचीत की।

प्रताप पब्लिक स्कूल में लघु नाटिका प्रस्तुत की गई

पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

- हमारे वीर जवानों का बलिदान केवल एक घटना नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है, जो हमें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करती

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम न केवल देशभक्ति की भावना को प्रकट करने का माध्यम बना, बल्कि इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को भी प्रबल किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कि गई एक प्रभावशाली लघु नाटिका रही, जिसने कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस प्रस्तुति में उन क्षणों को जीवंत किया गया, जब हमारे बहादुर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा। मंच पर प्रस्तुत इस मार्मिक दृश्य को देखकर कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि, हमारे वीर जवानों का बलिदान केवल एक घटना नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है, जो हमें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करती है। यह प्रस्तुति हमें याद दिलाती है कि देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि हमारे कर्मों में भी होनी चाहिए। हमारे छात्रों ने अपने समर्पण और सजीव अभिनय के माध्यम से इस भावना को व्यक्त किया है।

तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते प्रताप स्कूल के बच्चे। फोटो: हरिभूमि

नम आंखों से श्रद्धांजलि दी

विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने अपनी गहरी भावनाएं प्रकट करते हुए सिर झुकाकर शहीदों को नमन किया। उनकी नम आंखों और श्रद्धांजलि ने दर्शकों को गहरे भावनात्मक क्षणों से जोड़ दिया। कार्यक्रम के अंत में समस्त विद्यालय परिवार ने दो मिनट का मौन रखकर पुलवामा के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और राष्ट्र की सेवा में सदैव तत्पर रहने की शपथ ली। इस कार्यक्रम ने न केवल शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया, बल्कि उपस्थित सभी जनों को राष्ट्रसेवा और एकता का संदेश भी दिया।

खबर संक्षेप

पुलिस टीम ने चोरी का आरोपी पकड़ा

पानीपत। सीआईए वन पुलिस टीम ने जीटी रोड पर गांजबड़ गांव के नजदीक खोतपुरा मोड़ के पास स्थित बंद कैफे से सामान चोरी करने मामले में गिरोह के तीसरे आरोपी अजय निवासी कोहंड करनाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में अजय ने इस मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी अजय निवास गांव सींक व गौरव निवासी कोहंड करनाल के साथ मिलकर कैफे से सामान चोरी करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। इस संबंध में थाना सदर में अंकुश टांक पुत्र जोगिंद्र निवासी हुडा सेक्टर 12 पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

स्कूल में मातृ-पितृ दिवस मनाया

पानीपत। पानीपत के नूरवाला की मोतीराम कॉलोनी स्थित मोहित पब्लिक स्कूल में माता-पिता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं को तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया और विद्यालय की अध्यक्ष की किरण रानी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और जीवन में सफल होने की कामना की। इस अवसर पर मधुबाला,अनुसंधा, ममता,पूजा,भूमिका,तनु,जिया, खुशी,तानिया,सोनिया व उषा आदि उपस्थित रहे।

आईएचएम में कैंपस प्लेसमेंट

पानीपत। होटल प्रबंधन संस्थान पानीपत में विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें होटल लेमन ट्री की टीम ने छात्रों का साक्षात्कार लिया तथा संस्थान के छात्रों को अपने होटल में रोजगार का अवसर प्रदान किया। संस्थान के कार्यकारी प्राचार्य चन्दन वशिष्ठ ने बताया कि इस कैम्पस प्लेसमेंट में संस्थान के बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। होटल लेमन ट्री की तरफ से क्षेत्रीय महाप्रबंधक विनय अरोड़ा, कार्यकारी हाउसकीपर शम्मी कुमार शर्मा व मानव संसाधन प्रबंधक सीमा ने शिरकत की।

रात को शहर से गुजरेंगी बसें

पानीपत। आरटीआई कार्यकर्ता लतीफ गार्डन निवासी यशपाल मलिक द्वारा समाधान शिविर में लगाई गई शिकायत पर कार्रवाही करते हुए जीएम रोड़वेज ने रात को सभी बसों को नीचे से चलाए जाने के आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि यशपाल मलिक ने जिलास्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर में गत 5 फरवरी को एक शिकायत देकर पानीपत शहर में रात को ऊपरगामी पुल से गुजरने वाली सभी बसों को नीचे जीटी रोड से चलाए जाने की मांग की थी ताकि रात के समय शहर वासियों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान आयोजित

इसराना। राजकीय महाविद्यालय गांव इसराना के प्लेसमेंट सेल द्वारा भारतीय सेवा में रोजगार के अवसर विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य लेफ्टिनेंट डॉ.बलिंदर गलिया ने की जबकि संचालन ममता ने किया। मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय बड़ौदा के सहायक प्रो.लेफ्टिनेंट डॉ.अनिल कुमार बडगूजर ने छात्रों को भारतीय सेवा में उपलब्ध विभिन्न पदों, उनकी योग्यता और पदोन्नति के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

छात्रों को रोजगार उन्मुख बनाएं

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट और करियर गाइडेंस इकाई एवं मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मेधा कोर्सेस के लगभग 40 विद्यार्थियों को औद्योगिक दौरा करवाया गया। इस दौरे को प्रचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक और प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस इकाई की ऑफिसर डॉ.अर्पणा गर्ग, डॉ.किरण मदान, प्रो.सोनिया, डॉ.विक्रम कुमार एवं डॉ.सुनीता ढांडा ने शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि हमारा उद्देश्य रहता है कि हम विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ रोजगार उन्मुख बनाएं।

गुजरात के अहमदाबाद में महासंगम यात्रा का भव्य स्वागत

सनातन संस्कृति से जुड़े युवा वर्ग : डॉ. नैन

महासंगम यात्रा के माध्यम से यह कार्यक्रम सनातन धर्म की गहराई और इसकी आधुनिक समाज में उपयोगिता को उजागर करने का एक सशक्त मंच बना

पानीपत। अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के पदाधिकारीगण पूजन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत

अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा ऐप के तत्वावधान में आयोजित महासंगम यात्रा अपने आध्यात्मिक संदेश के साथ अहमदाबाद पहुंचने पर प्रतिष्ठित सिल्वर ओक विश्वविद्यालय में महासंगम यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। हजारों विद्यार्थियों ने महासंगम यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और अपनी प्राचीन संस्कृति से रूबरू हुए। वहीं, यह आयोजन महासंगम यात्रा पर केंद्रित परिचर्चा के रूप में संपन्न हुआ। इधर, अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री व यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि हमारा उद्देश्य युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ना और उन्हें अपनी विरासत का गर्व कराना है। इस यात्रा के माध्यम से हमने युवा पीढ़ी को प्रेरित किया कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात करें। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और महासंगम यात्रा से जुड़े युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महासंगम यात्रा के माध्यम से यह कार्यक्रम सनातन धर्म की गहराई और इसकी आधुनिक समाज में उपयोगिता को उजागर करने का एक सशक्त मंच बना। इधर, अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि यात्रा के साथ चल रहें 12 त्रिशूलों का भी पूजन छात्रो द्वारा किया गया व महाकुंभ प्रयागराज में स्तिथ महामंडलेश्वर स्वामी दयानंद सरस्वती जी के आश्रम में 108 त्रिशूलों का पूजन 21 पंड़ितों द्वारा सुबह और सायं किया जा रहा है, यह पूजन 30 दिन की इस यात्रा के दौरान लगातार जारी रहेगा। इसके बाद इन त्रिशुलों को मंदिरों में स्थापित किया जाएगा। वहीं, परिषद की राष्ट्रीय प्रवक्ता दामिनी वशिष्ठ ने बताया कि इस महान मह्संगम यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म के पुनर्जागरण के साथ-साथ मंदिरों और पुजारियों को डिजिटल की दुनिया से जोड़ना है, मंदिरों के आधुनिकीकरण, धरोहर संरक्षण और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देना है। अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा ऐप के सहयोग से आयोजित यह यात्रा, भक्तों को न केवल प्राचीन धार्मिक परंपराओं से जोड़ती है, बल्कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से उन्हें ऑनलाइन पूजा, आरती एवं अन्य धार्मिक गतिविधियों का सुविधाजनक मंच भी प्रदान करती है। भगवा ऐप के जरिए भक्त अब मोबाइल उपकरणों के माध्यम से भी अपने धार्मिक अनुष्ठानों का आनंद ले सकते हैं। वहीं, प्रसिद्ध पर्वतारोही रीना भाटी ने बताया कि 30 दिनों तक चलने वाली यात्रा ने अब तक 19 दिनों में 4,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर ली है, जिसमें अनेकों पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन किए गए और हजारों श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की।

बाल विवाह के विरूद्ध शपथ ली

- किशोर अवस्था में शारीरिक परिवर्तन से ना घबराएं छात्राएं, महावारी को लेकर छात्राओं का मार्ग दर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत

पानीपत। राजकीय स्कूल गांव सिवाह की छात्राएं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा एमडीडी आफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्त्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिवाह में माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन विषय पर छात्राओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग से काउंसलर अंजू गौतम ने छात्राओं को बताया कि माहवारी का चक्र 21 से 31 दिन का हो सकता है तथा इसकी शुरूआत 8 साल से 17 साल की आयु में होती है तथा 45 साल से 55 साल की आयु में माहवारी प्रक्रिया बन्द हो जाती है। तथा माहवारी 3 दिन से 7 दिन की हो सकती है। यह सभी किशोरियों, लड़कियों, महिलाओं की शारीरिक संरचना के अनुसार अलग अलग हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस विषय पर छात्राओं को एक जागरूकता फिल्म भी दिखाई गई। जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि माहवारी के दौरान पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। माहवारी के दौरान हमें स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है इन विशेष दिनों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। माहवारी के दौरान आप कहीं भी आ जा सकते हैं, कोई भी काम कर सकते हैं। वहीं, सामुदायिक कार्यकर्ता पायल ने बाल विवाह निरोधक अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्हें बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर शपथ दिलाई।

उर्जा का जरूरत के अनुसार ही प्रयोग करें : मीणा

- सक्षम क्षमता महोत्सव कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत

पानीपत। लेखराज मीणा व संदीप भट्ट, बच्चों के साथ गुब्बारे छोडते हुए।

पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए हमें हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा का प्रयोग करना चाहिए, ये बात आयल इंडस्ट्री हरियाणा के राज्यस्तरीय समन्वयक लेखराज मीणा ने सक्षम क्षमता महोत्सव कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कही। वहीं, मीणा ने कहा कि सक्षम क्षमता महोत्सव एक पखवाड़े तक चलेगा और इस दौरान लोगों को हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए जागरूक किया जाएगा। सक्षम अभियान भारत में ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल ऊर्जा की बचत पर जोर देता है, बल्कि यह लोगों को अपनी जीवनशैली में ऐसे बदलाव करने के लिए प्रेरित करता है जो प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें और प्रदूषण कम करे। यह कार्यक्रम नागरिकों को स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए ईंधन संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ भारत को कच्चे तेल के आयात पर अपने निर्भरता काम करने में मदद करने के लिए आयोजित किया जाता है।

ईडी ने भाजपा नेता के घर आधी रात तक जांच की

पानीपत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संघर्ष के दौर के साथी रहे पानीपत के वयोवृद्ध भाजपा नेता नीतिसेन भाटिया के के आवास पर इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) की रेड वीरवार की रात करीब एक बजे खत्म हो गई है। ईडी ने भाटिया के घर से छह लाख कैश, ज्वेलरी के खाली डिब्बे और विदेशी शराब बरामद की गई। ईडी जांच में भाटिया के घर से पांच लग्जरी गाडियां भी मिली। वहीं, ईडी की टीम भाटिया के घर से तीन बड़े बॉक्स और एक थैले में सामान भरकर अपने साथ ले गई। इस संबंध में ईडी की टीम में शामिल अधिकारियों ने बातचीत नहीं की। स्मरणीय है कि ईडी की टीम ने भाटिया के घर वीरवार की सुबह करीब साढे सात बजे सीआरपीएफ की टीम के साथ रेड की थी।

यह रूटिन जांच थी : भाटिया

पूर्व सांसद संजय भाटिया ने कहा कि ईडी ने नीतिसेन भाटिया के आवास पर रूटीन जांच है। इससे पहले हिमाचल के पांवटा साहिब में स्थित दवा की फैक्टरी की भी जांच की थी। नीतिसेन भाटिया व उनके परिजन किस चरित्र के लोग है पूरा प्रदेश जानता है। भाटिया परिवार ने जीवन भर समाज के हर तबके की निष्काम सेवा की है।

निष्काम सेवा की हमेशा सराहना होती है : डॉ. दहिया

- अधिकारियों के रूचि लेने पर ही समस्याओं का होगा समाधान : एसपी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत

पानीपत। जनसुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व पुलिस कप्तान लोकेंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि निष्ठा व लगन से किये गये कार्यों में हमेशा बरकत होती है। अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को लेकर और गंभीरता से कार्य करना होगा। डीसी डॉ. दहिया ने कहा कि समाधान शिविर में जो लोग अपनी समस्याएं रख रहे हैं। हमें उनकी समस्याओं का समाधान करना है उन्हें इंतजार नहीं करवाना है। जनता समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करना है उन्हें जवाब नहीं देना है। अपने ओहदे व पद को दूर रखकर उनके कार्य में रूचि लेनी है व उनकी समस्या का समाधान करना है। इधर, पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समस्या बड़ी है या छोटी है इस पर ध्यान देने उसका समाधान करना है। निष्काम सेवा की हमेशा सरहाना होती है। अधिकारियों के रूचि लेने पर ही समस्याओं का समाधान होगा हमें यह नहीं भूलना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कई मामलों में अधिकारियों से बात की व समस्याओं के समाधान में हो रही देरी का कारण जाना।

एमएएसडी स्कूल में छात्रों को भावभीनी विदाई दी

पानीपत। एमएएसडी स्कूल में विदाई समारोह में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत

एमएएसडी विद्यालय में ग्यारवीं कक्षा के छात्रों ने बारहवीं कक्षा के छात्रों को विदाई पार्टी दी। बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। वहीं बारहवीं कक्षा के छात्रों के मनोरंजन हेतु रंगारंग कार्यक्रम तथा खेलों का आयोजन किया गया। विद्यालय की ओर से प्रश्नावली दौर के माध्यम से उनके व्यक्तित्व की परख करके मिस एमएएसडी तथा मिस्टर एमएएसडी का चयन किया गया। निर्णायक मंडल में अध्यापिका वंदना शर्मा, देवांगना वोरा तथा भावना शर्मा रहे। प्रधानाचार्या डॉ. बबीता भारद्वाज ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना तथा आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्कूल ने बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने के लिए तथा उन्हें जीने की सही राह दिखाने का यथासंभव प्रयास किया है।

सद्भावना के साथ रहे ग्रामीण : वत्स

पानीपत। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को महराणा व बिंझौल गांव का दौरा किया। उन्होंने गांव में आमजन के साथ बैठक कर गांव की सुरक्षा व पुलिस से संबंधित समस्याओं के बारे में जाना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही अपराधों की रोकथाम हेतु चर्चा की। वत्स ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई है। और सभी चाहते है कि प्रदेश नशे से मुक्त हो। पुलिस द्वारा गावों में लगातार जागरूकता के प्रोग्राम चलाए जा रहे है। वहीं ग्रामीणों को सद्भावना के साथ रहते हुए अपने गांवों की तरक्की के लिए कार्य करना चाहिए।

आर्य समाज खैल बाजार के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

पानीपत। आर्य समाज खैल बाजार के वार्षिकोत्सव में पहुंचे अथितिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत

आर्य समाज गुरु विरजानन्द भवन खैल बाजार में शुक्रवार को तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव और भव्य यज्ञशाला शिलान्यास कार्यक्रम का प्रथम दिवस श्रेष्ठ कर्म यज्ञ के माध्यम से दिल्ली से आई वेद मंत्र उदगाता अंशु शास्त्री व हेमलता शास्त्री ने वेद मंत्रों से कराया। वहीं ध्वजारोहण धर्मवीर पाढ़ा ने किया। जबकि सम्मानित अतिथि किस्मत सैनी, सुरेश गुगलानी, नरेंद्र नाथ आर्य, अवनीश कुमार का स्वागत प्रधान बलराज एलावाधी ने ओम की माला से किया। भजन सम्राट बरेली से आए भानु प्रकाश शास्त्री ने भजनों के माध्यम से समा बांधा। इस अवसर पर संरक्षक हरचरण दास अरोड़ा, सुनील बत्रा, प्रधान बलराज एलावाधी, महेंद्र ढींगरा,अशोक वर्मा,राजेश आर्य,कमलेश लीखा,कमलेश कथुरिया,कविता भाटिया, उमा ढींगरा आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय खेलों में कुश्ती में नितेश ने जीता ब्रांज

पानीपत। उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में पानीपत के गांव सींक के पहलवान नितेश मलिक पुत्र परविंदर सिंह ने ग्रीको रोमन स्टाइल कुश्ती में 97 भार वर्ग में कांस्य पदक जीत कर हरियाणा, पानीपत, अपने गांव सींक व परिवार के साथ अपना भी नाम रोशन किया है। वहीं नितेश ने बताया कि वह अपनी जीत से उत्साहित है और राष्ट्रीय खेलों में उसने जितनी भी कुश्ती की उससे उन्हें काफी अनुभव मिला है और यह अनुभव भविष्य में उनके काम आएगा। इधर, नितेश को मिली सफलता से गांव सींक निवासियों में खुशी का माहौल है।

पानीपत। पहलवान नितेश जीता गया ब्रांज मेडल दिखाते हुए।

इसराना ब्लाक का विकास करेंगे: मलिक

इसराना। इसराना ब्लाक पंचायत समिति की बैठक ब्लाक इसराना पंचायत समिति के चेयरमैन हरपाल मलिक की अध्यक्षता में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से फैसला किया है गांवों के विकास के लिए ग्राम पंचायत ओर जिला परिषद मिलकर विकास कार्य करेंगे। समिति के चेयरमैन हरपाल मलिक ने बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी दे रहे थे। बैठक में डीडीपीओ राजेश कुमार भी शामिल रहे। बैठक में वाइस चेयरमैन राजबीर सिंह, शमशेर, विकास, रेशमा, जगमहेंद्र, राजेन्द्र, पिंकी, कृष्ण, कविता, केला देवी, रश्मि, रिंकू, प्रवीण, संदीप व अशोक शामिल हुए।

पानीपत। माता-पितृ दिवस पर पौधरोपण करते हुए विद्यार्थी व स्टाफ।

पौधे रोप कर मनाया माता पितृ दिवस

पानीपत। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को माता-पितृ दिवस पर पौधरोपण किया गया। इसमें कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। बारी-बारी सभी कक्षाओं ने पौधारोपण किया व उसके संरक्षण का जिम्मा लिया। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन व डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने बच्चों को जीवन में पौधों व पेड़ों के महत्व को बताया और उनकी रक्षा करके पर्यावरण को शुद्ध बनाने में योगदान देने की शपथ दिलवाई। प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा ने छात्रों को पेड़ पौधों के साथ मनुष्य जीवन कैसे जुड़ा है, इससे अवगत कराया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन व बलराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

पश्चिमी सभ्यता का त्याग करें युवा वर्ग : संत ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत

अरिहंत मार्गी जैनाचार्य श्री ज्ञान चंद ने अपने प्रवचन में कहा कि वैलेंटाइन डे के नाम पर विलासिता का अनैतिक तांडव किया जा रहा है। किसी के साथ भी प्यार का इजहार करने में आज का दिन महत्वपूर्ण मान लिया गया है। यही कारण है कि आर्यावर्त देश में भोगवाद की पाश्चात्य विचारधारा बढ़ रही है। जो विवाहित हैं जिनके बच्चे हैं, उनकी माताएं तक भी स्वच्छंद कर अपना रही है। यह देश की संस्कृति को किस रसातल में ले जाएगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। पहले पुरुषों के कारनामे सुने जाते थे, आज ऐसे कारनामों में महिलाएं भी पीछे नहीं है। आज सबके स्तर में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। फिर वैलेंटाइन डे का गलत अर्थ लगाकर विकृति का भयानक रूप उभर जा रहा है। इसका सही नाम है सेंट वैलेंटाइन डे अर्थात संत वेलेंटाइन दिवस, अर्थात यह संत के नाम पर है। इसलिए संतों से शुद्ध प्यार करना सीखो जो आपको परमात्मा तक पहुंचा सके। वहीं, गांधी मंडी जैन समाज के संरक्षक डॉ. एपी जैन ने कहा है यदि इस दिन को मनाना ही हो तो भारतीय संस्कृति का ध्यान रखते हुए इसे सर्व प्रेम दिवस के रूप में मनाना चाहिए जिसमें सर्वत्र प्यार की गंगा बहे।

एसडी कॉलेज हरियाणा ट्रैफिक क्विज में द्वितीय रहा, डीजीपी ने पुरस्कृत किया

देश का हर युवा आने वाली पीढ़ी का मार्गदर्शक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत

पानीपत। डीजीपी शत्रुजीत कपूर के साथ एसडी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के राष्ट्रीय सेवा योजना के दो स्वयंसेवकों ने एसईआरसी डायल सेक्टर तीन पंचकूला में आयोजित सातवीं हरियाणा राज्य ट्रैफिक क्विज में दूसरा स्थान हासिल कर कॉलेज और जिले का मान बढ़ाया। सौरभ शर्मा (एमकॉम- प्रथम) और माधव मुंजाल (बीए- द्वितीय) ने शानदार प्रदर्शन के आधार पर एसडी पीजी कॉलेज को राज्य में द्वितीय स्थान दिलाया। इधर, विजेताओं का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. राकेश गर्ग और अन्य प्राध्यापकों ने जोरदार स्वागत किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि शत्रुजीत कपूर (आईपीएस) डायरेक्टर जनरल हरियाणा पुलिस ने प्रशस्ति पत्र, मुमेंटो और स्मार्ट वाच के साथ सम्मानित किया। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि दुनिया भर में सड़क दुर्घटनाओं का बढ़ना चिंता की बात है। दुनिया भर में सड़क दुर्घटनाओं से 13 लाख से अधिक लोग प्रतिवर्ष मृत्यु को प्राप्त हो जाते है जिसमे से डेढ़ लाख से अधिक मौते तो सिर्फ अपने देश में होती है। हरियाणा में यह संख्या 52 हजार के लगभग है और पानीपत जिला इससे बिल्कुल भी अछूता नहीं है। जैसा युवा होगा वैसा ही राष्ट्र होगा और हर युवा आने वाली पीढ़ी का मार्गदर्शक होता है। नियमों पर चलना बहुत बड़ी बात है और इतिहास गवाह है की जो मुल्क नियमों पर चले उन्होनें तरक्की के नए आयाम स्थापित किये है । समय आ गया है कि युवा न सिर्फ खुद सड़क पर संभलकर चले बल्कि अपने आस-पड़ोस में रहने वालों को भी ऐसा करने के लिए मजबूर करे। इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस ट्रैफिक एंड हाइवेज हरियाणा सरकार के प्रयासों और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्घटना के ग्राफ को कम करने की जिम्मेदारी अब युवाओं को पूरा करनी है। सरकार केवल कानून बना सकती है परन्तु धरातल पर कार्य तो युवाओं को ही करना होगा।

खबर संक्षेप

समाधान शिविर में सात समस्याएं आई

नारायणगढ़। समाधान शिविर में बीडीपीओ जोगेश कुमार ने समस्याएं सुनी और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। बीडीपीओं जोगेश कुमार ने कहा कि उपमण्डल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय के कान्फ्रेस हॉल में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बंधित 7 समस्याएं आई। सभी समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।

हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना नारायणगढ़ में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी रजत कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। रमेश कुमार ने 13 दिसंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 मई 2024 से 1 जून 2024 के दौरान आरोपी अंकित कुमार उर्फ चौटाला ने उसके पुत्र की हत्या कर दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजिंद्र उर्फ मद्रासी को गिरफ्तार किया है। राजा पार्क के रहने वाले हिमांशु सिंह ने 11 अक्तूबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 अक्तूबर 2024 को एसडी कॉलेज से किसी ने ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

दो आरोपियों को किया शामिल जांच

अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज लड़ाई-झगड़े के मामले में पुलिस ने आरोपी मंयक कुमार व आशीष को शामिल जांच क किया है। शिकायतकर्ता तरूण ने 15 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23 नवंबर 2024 को आरोपी रजत, शुभम व अन्य ने उससे तथा उसके मित्र से लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करते हुए उन्हें चोटें पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

महाशिवरात्रि पर्व 16 को कार्यक्रम

अंबाला। ब्रह्मकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय दयाल बाग की राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी आशा दीदी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में खुखरैन भवनमें रविवार 16 फरवरी 2025 को सुबह 10:00 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें अपने परमपिता शिव परमात्मा से सच्ची, सुख, शांति, प्रेम व आनंद का वरदान लेने के लिए शहर के सभी व्यक्तियों को सादर ईश्वरीय निमंत्रण दिया गया है। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए पंजाबी गायक ओमप्रकाश द्वारा अपनी आवाज का जादू बिखेरा जाएगा।

नगरपालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र, सदस्य के लिए चार उम्मीदवार भी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका के अध्यक्ष व सदस्य पद के चुनाव को लेकर शुक्रवार को चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नगरपालिका अध्यक्ष के लिए कुलदीप, गीतांजलि, ओम प्रकाश शर्मा व बलजीत सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। एसडीएम अमित भारद्वाज ने बताया कि वार्ड नंबर 5 से सदस्य पद के लिए मीना कुमारी, वार्ड नंबर 11 से राज कुमार, कोमल चौहान व वार्ड नंबर 16 से हरजिंदर कौर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

खास बातें

- अभी तक किसी दल के उम्मीदवार ने दाखिल नहीं किया नामांकन
- अगले तीन दिन तक नामांकन पत्र दाखिल करने वालों का लगेगा तांता

नामांकन भरते हुए उम्मीदवार

17 तक नामांकन

चुनाव के दृष्टिगत 17 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को मतदान होंगे। इस चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां एवं पुख्ता प्रबंध कर दिए गए हैं। चुनाव की आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाने के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा चुके हैं। 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे। 19 फरवरी को ही चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों, मतदान केंद्रों की सूचि चस्पा कर दी जाएगी। 2 मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च को मतगणना का कार्य किया जाएगा तथा इसी दिन मतगणना का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

नप चुनावः वार्ड 6 से एक उम्मीदवार ने दाखिल किया नामांकन पत्र

अंबाला। अंबाला सदर नगर परिषद के चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो गया। वार्ड नंबर 6 से सुखदेव सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत 17 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे। 19 फरवरी को ही चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों, मतदान केंद्रों की सूचि चस्पा कर दी जाएगी।

खेल स्पर्धाओं में प्रशासन भी बनेगा हिस्सेदार

बराड़ा। गांव जलूबी में चौथे विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया किया जा रहा है। टूर्नामेंट के शुरुआती पहले दिन एसडीएम अमित भारद्वाज ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह युवा संस्था जलूबी के मेंबर्स ने गुलदस्ता व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि खेलों के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए और सभी को खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए । खेलों का हमारे जीवन में बहुत ही महत्व है जो शरीर को मजबूत और स्वस्थ बनाता है। इस अवसर पर एसडीएम ने खेलों के प्रति भावना दिखाते हुए बच्चों के साथ हाथ मिलकर ये संदेश दिया कि उपमंडल क्षेत्र में जितने भी खेल कार्यक्रम होंगे उनमें प्रशासन की तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा।

बसपा नेता हरबिलास की हत्या के मामले में आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई

पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार पैर में गोली लगने से हुआ जख्मी

- किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे थे बदमाश
- पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस की फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बसपा नेता हरबिलास की हत्या में वांटेड दो बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने काबू कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर पर गोली लगी है। उपचार के लिए उसे अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में रेफर किया है। इस मामले में पुलिस की पहले ही तीन बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो चुकी है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश की मौत हो चुकी है। इस मामले में अभी पुलिस को मुख्य आरोपी वैकेंट गर्ग की तलाश है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली ४ कि बसपा नेता हरबिलास रज्जू माजरा की हत्या में संलिप्त रहे दो बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के बाद पुलिस अलर्ट हो गई। नारायणगढ़ के पास बदमाशों को तलाशने का अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस को देखते हुए पर दो युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस को भी गोली चलानी चलानी पड़ी। फायरिंग के दौरान एक बदमाश शिवम के पैर पर दो गोलियां लगी जिसकी वजह से जख्मी होकर वह मौके गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसके सहयोगी गगन को काबू कर लिया। फायरिंग के दौरान इस बार पुलिस के किसी जवान के जख्मी होने की सूचना नहीं है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाश गगन और शिवम यूपी के रहने वाले हैं। दोनों बदमाश पिछले कुछ समय से यमुनानगर में छुपे हुए थे। पुलिस को शक है कि ये किसी बड़े गैंग से जुड़े हुए हैं। रिमांड के जरिए पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ करेगी।

घायल बदमाश को अस्पताल ले जाते

सागर का हो चुका है एनकाउंटर

हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या में शामिल बदमाशों के खिलाफ पुलिस लगातार ठोस कार्रवाई कर रही है। इससे पहले 30 जनवरी को सीआईए-वन की टीम ने हत्याकांड में शामिल राजन और मंगू को गिरफ्तार किया था। गोलियां लगने के कारण दोनों बदमाश जख्मी हो गए थे। मुठभेड़ के दौरान ही दोनों को काबू किया था। 29 जनवरी को एसटीएफ अंबाला और करनाल की टीम ने हरबिलास की हत्या में संलिप्त शूटर सागर का एनकाउंटर किया था। उस दौरान हुए एनकाउंटर में पुलिस के जवान जवान भी बाल बाल बच गए थे।

24 को हुई थी हत्या

24 जनवरी को नारायणगढ़ में इनोवा सवार बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा व चुन्नू पर बदमाशों ने अचानक फायरिंग कर दी थी। इनोवा में गुगल पंडित भी सवार था। बदमाशों ने पांच गोलियां मारकर हरबिलास की हत्या कर दी थी जबकि चुन्नू बुरी तरह जख्मी हो गया था। जबकि कार में सवार गुगल पंडित को कोई चोट नहीं आई थी। इस मामले में पुलिस गुगल पंडित को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

अंबाला। नगर निगम कार्यालय में जांच करती सीएम फ्लाइंग की टीम ।

नगर निगम में सीएम फ्लाइंग की रेड से हड़कंप

जेई समेत तीन कर्मी गैरहाजिर मिले

- डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के रिकॉर्ड में मिली खामियां, जांच के लिए रिकॉर्ड साथ ले गई टीम, भेजी जाएगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम में शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग ने रेड की। रेड के दौरान पुलिस निगम में हड़कम मच गया। सीएम फ्लाइंग का दस्ता सीधे ऑफिस पहुंचा। यहां आते ही जांच टीम ने निगम के हाजिरी रजिस्टर को खंगालना शुरू कर दिया। इस दौरान कई कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। सीएम फ्लाइंग की जांच टीम सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर नगर निगम ऑफिस पहुंची थी। इसके बाद जांच टीम ने निगम की विभिन्न ब्रांच में जाकर जांच शुरू की। दस्तावेजों की गहनता से जांच करते हुए कई शाखओं के रिकार्ड को खंगाला गया। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर हितेंद्र गौतम ने बताया कि नगरनिगम कार्यालय में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की सूची मांगी गई थी। यहां निगम कार्यालय के तीन कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए। इनमें डाटा एंट्री ऑप्रेटर कृष्ण शोभा जेई अजय व रोहित शामिल थे। तत्पश्चात डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के रिकार्ड रूम में दस्तावेजों की जांच की गई। डोर-टू-डोर सर्विस में लगाए गए संसाधनों, कर्मचारियों की सूची, ठेकेदार द्वारा किए गए कार्यों को गहनता पूर्वक जांचा गया। इस दौरान सीएम फ्लाइंग ने डोर-टू-डोर सर्विस से संबंधित ठेकेदार का पूरा ब्यौरा मांगा। अशंका यह भी जताई जा रही है कि ठेकेदार के कार्यों में गंभीर खामियां मिली हैं। जांच के लिए सीएम फ्लाइंग डोर टू डोर सर्विस से जुड़ा अहम रिकॉर्ड जांच के लिए अपने साथ ले गई। रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी।

उजागर हो सकता है घोटाला

सीएम फ्लाइंग को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के मामले में गंभीर शिकायतें मिली थी। इसी आधार पर जांच टीम ने इस सर्विस से जुड़ा पूरा रिकॉर्ड खंगाला है। जांच के दौरान भी सीएम फ्लाइंग को रिकॉर्ड में गंभीर खामियां मिली हैं।

रंगारंग कार्यक्रमों में छात्राओं ने दिखाया जलवा, दर्शकों ने जमकर बजाई तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

- राजकीय महिला कॉलेज में बसंतोत्सव समारोह का आयोजन

राजकीय महिला महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित वार्षिक संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बसंतोत्सव धूमधाम से मनाया गया।जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. खुशीला ने कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की। सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ. पंकज कुमार के मार्गदर्शन में छात्राओं ने नृत्य, गायन, मिमिक्री, रंगोली बनाना आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मिमीक्री में महक प्रथम, सिमरन द्वितीय और पायल तृतीय स्थान पर रही। दर्शकों द्वारा डांस प्रतियोगिता को सबसे अधिक पसंद किया गया। सोलो डांस में भावना प्रथम, बरखा द्वितीय और हिमांशी तृतीय स्थान पर रही। ग्रुप डांस में रितिका, हिमांशी और बरखा की टीम ने बाजी मारी जबकि महक और वंदना की जोड़ी दूसरे व आयुषी, महक, वंदना, अंजलि, सिमरन, कणिका की टीम तीसरे स्थान पर रही। रंगोली मेकिंग में सिमरन, शिवानी और मीनाक्षी तथा सिमरन क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। गायन प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बरखा व पल्लवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंबाला सेंट्रल जेल और वीटा मिल्क प्लांट को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू

डीसी ने जेल व प्लांट अधिकारियों को जमीन तलाशने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सेंट्रल जेल व वीटा मिल्क प्लांट को शहर से बाहर शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। इसको लेकर शुक्रवार को डीसी अजय सिंह तोमर ने अपने कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक बैठक बुलाई थी। इसमें अंबाला सेंट्रल जेल के साथ वीटा मिल्क प्लांट को स्थानांतरित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। अंबाला शहर क्षेत्र के आस पास इन दोनों कार्यों के लिए जगह तलाशने के निर्देश दिए गए। बता दें कि अंबाला सेंट्रल जेल व वीटा मिल्क प्लांट शहर के बीचों-बीच है। इनके लिए अब अंबाला शहर के साथ लगते क्षेत्र में अ नई बिल्डिंग बनाने के लिए विचार किया जा रहा है। उपायुक्त ने जेल अधीक्षक से मौजूदा सेंट्रल जेल की वास्तविक स्थिति के साथ-साथ उन्हें नई जेल स्थापित करने को लेकर बातचीत हुई। इसके बाद उपायुक्त ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अंबाला शहर नजदीक यदि प्राधिकरण की कोई भूमि खाली है उसका जेल अधिकारियों के साथ मुआयना करें। तमाम औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जेल अधीक्षक प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भिजवाएं ताकि इस विषय को लेकर आगामी कार्रवाई हो सके। इसी प्रकार उन्होंने वीटा मिल्क प्लांट से अधिकारी से भी बातचीत की। उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए कि वह अंबाला शहर के नजदीक इस कार्य के लिए जो भूमि चिह्नित की जा सकती है उसका सर्वे करवाते हुए उसका बाजारी मूल्य आंकलन करते हुए वीटा मिल्क प्लांट के साथ समन्वय बनाकर उसका प्रस्ताव तैयार करके मुख्यालय भिजवाएं ताकि इस विषय को लेकर भी जो कार्य किए जाने है उसे किया जा सके। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत, जेल अधीक्षक सतवीर गोदारा, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीआरओ, वीटा मिल्क प्लांट से राकेश कुमार, तहसीलदार आदित्य के साथ-साथ कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जेल व वीटा मिल्क प्लांट के लिए जमीन का नक्शा देखते उपायुक्त।

योजना | पूर्व विधायक ने कई गांवों में विकास योजनाओं का किया उद्घाटन

वर्तमान सरकार गांवों के विकास को दे रही प्राथमिकता

नाले-नालियों व सड़कों के साथ कई चौपालों के निर्माण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन कार्यों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। उद्घाटन समारोह में ग्रामवासियों, ग्रामपंचायत जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार गांवों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। हर गांव को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सैनी ने गांव फतेहगढ़ में एक साथ कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में सार्वजनिक स्थानों पर लोहे के शैड का निर्माण, इंटरलॉकिंग गलियों में नालों की मरम्मत, हर्बल पार्क का निर्माण, बीसी और एससी चौपालों का निर्माण, गांव के नाले और मुख्य सड़क की गली के निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी कार्य ग्रामवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं। हर्बल पार्क के निर्माण से ग्रामीणों को एक स्वच्छ और हरित वातावरण मिलेगा। नालों और सडक़ों की मरम्मत से जलभराव और गंदगी की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने इसके बाद गांव गाजीपुर में भी दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में शिव मंदिर के पास एक धर्मशाला का निर्माण और श्मशान घाट के पास नलकूप का उद्घाटन किया। सैनी ने गांव खेड़ा गनी में नए पब्लिक हेल्थ ट्यूबवेल का उद्घाटन किया। इस ट्यूबवेल के चालू होने से गांववासियों को स्वच्छ और निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

शहजादपुर। विकास योजनाओं का उद्घाटन करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी व अन्य।

खंड स्तरीय गणित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

बराड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोकलगढ़ में शुक्रवार को खंड स्तरीय गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार और डायट लेक्चरर मनु अब्रॉल ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में साहा ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने चारों कैटेगरी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लेक्चरर मनु अब्रॉल ने भी प्रतियोगिता का निरीक्षण किया।

छात्रों की प्रतिभा की सराहना की। प्रधानाचार्या अपर्णा कौशिक ने सभी प्रतिभागियों, अध्यापकों, जजों एवं रजिस्ट्रेशन टीम का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका मोनिका, सुनीता जस्सल, अंकिता रानी, सज्जन कुमार, अनीता, पूजा, शिवराम एवं शीतल माकन ने निभाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005